दिनांक 5 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव ने भिलाई क्षेत्र के विभिन्न खेल परिसर का किया निरीक्षण

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव , खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी , संचालक श्वेता सिन्हा , दुर्ग कलेक्टर अंकित आनंद ने संयुक्त रूप से भिलाई क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न खेल परिसर एवं विद्यालय प्रांगण का निरीक्षण किया! खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सर्वप्रथम खुर्सीपार स्टेडियम का अवलोकन किया तत्पश्चात जयंती स्टेडियम, टेनिस कंपलेक्स, पंत स्टेडियम, सेक्टर 5 कन्या विद्यालय एवं सेक्टर 4 बोकारो हॉस्टल का निरीक्षण किया! सेक्टर 5 स्थित कन्या विद्यालय में विद्यालय के भीतर जाकर अवलोकन करते हुए छात्र-छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली ताकि भविष्य में खेल के उद्देश्य से स्थल का प्रस्ताव तैयार किया जा सके तथा सेक्टर 4 बोकारो हॉस्टल में स्पोर्ट्स के छात्रों से हाथ मिलाते हुए इनके खाने की व्यवस्था , शौचालय की व्यवस्था , ठहरने की व्यवस्था , स्कॉलरशिप, ड्रेस की व्यवस्था, ट्यूशन क्लासेस, समय सारणी आदि के बारे में बीएसपी के स्पोर्ट्स मैनेजर एवं खिलाड़ी साईं राम जाखड़ से विस्तृत जानकारी प्राप्त की एवं स्पोर्ट्स के बच्चों से भी उनको मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा! निरीक्षण के समय महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव , खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी , डायरेक्टर श्वेता सिन्हा , कलेक्टर अंकित आनंद , असिस्टेंट डायरेक्टर राजेंद्र डेकाटे , आयुक्त एसके सुंदरानी , स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी एवं महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू , सहायक संचालक खेल विभाग दुर्ग विलियम लकड़ा , बीएसपी स्पोर्ट्स मैनेजर साईं राम जाखड़ सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!